**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के खिलाफ भारत का सैद्धांतिक और दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए, संसद सदस्यों के सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। शिष्टमंडल किसी भी प्रकार के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के संकल्प का कड़ा संदेश दे रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सांसदों का शिष्टमंडल लंदन पहुंच गया है। यह प्रतिनिधिमंडल इस महीने की **3** तारीख तक ब्रिटेन की यात्रा पर है।

********************

सरकार 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज से युवा प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है। पहली प्रतियोगिता का विषय है– **ऑपरेशन सिंदूर – आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित करना।** यह एक द्विभाषी निबंध प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें दिल्ली में लाल किले पर 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का विशेष अवसर मिलेगा। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए My Gov की वेबसाइट पर जा सकते हैं। प्रतियोगिता इस महीने की 30 तारीख तक खुली है।

********************

साहिबगंज जिले में तीन जून को आयोजित होने वाले **विश्व साइकिल दिवस** के उपलक्ष्य में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत, आज संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दर्जनों छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और युवाओं को रोजाना साइकिल चलाने और फिट रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें साइकिलिंग के साथ पुश–अप्स जैसे सरल व्यायाम के माध्यम से समग्र शारीरिक स्वास्थ्य का संदेश भी दिया गया।

********************

इधर खूंटी जिले में भी तीन जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में आज विभिन्न जगहों पर फिट **इंडिया साइक्लिंग अभियान** का आयोजन किया गया।

मौके पर सभी खिलाड़ियों ने **"फिट इंडिया शपथ"** लेकर नियमित व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

********************

हजारीबाग जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर अधिकारियों को गंभीर और संवेदनशील होकर कार्य करने की सलाह दी।

********************

केंद्र सरकार के **विकसित कृषि संकल्प अभियान** के निर्देश पर रामगढ़ जिले में उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी के साथ–साथ पशुपालन, मुर्गी पालन और मत्स्यपालन के प्रति किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

********************

राज्य में छह जून तक विभिन्न जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि एक ट्रफ लाइन उत्तर–पूर्वी उत्तर प्रदेश से पूर्वी विदर्भ तक सक्रिय है, जिससे वर्षा की स्थिति बनी है। आज रांची में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 36.5 डिग्री सेल्सियस और डालटेनगंज में 37 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

********************

आईपीएल क्रिकेट के दूसरे क्लावीफायर में, आज अहमदाबाद में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। विजेता टीम मंगलवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ खेलेगी। मुंबई इंडियंस ने अब तक पांच खिताब जीते हैं जबकि पंजाब ने एक बार भी खिताब नहीं जीता है।

***************